दिनांक 3 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

7 स्टार की रेस में शामिल , भिलाई शहर तीसरी बार हुआ ओडीएफ प्लस प्लस घोषित

भिलाईनगर/ केंद्रीय सर्वेक्षण टीम की रिपोर्ट पर भिलाई को ओडीएफ प्लस प्लस होने की घोषणा की पुष्टि की गई है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के कुशल नेतृत्व में भिलाई ने एक पड़ाव पार कर 500 अंक अर्जित कर लिए हैं! निगम भिलाई अपने दस्तावेजों के आधार पर 7 स्टार के रेस में शामिल होने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है, जिसकी पुष्टि टीम के आने के बाद की जाने की प्रबल संभावना है! अक्टुबर 2014 से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किए गए स्वच्छ भारत मिशन के तहत् निगम भिलाई, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहकर पुरे देश में अपना अहम स्थान बनाता रहा है।

तीसरी बार भिलाई निगम हुआ ओडीएफ प्लस प्लस घोषित नगर निगम भिलाई तीसरी बार ओडीएफ प्लस प्लस घोषित हुआ है! खुले में शौच मुक्त के लिए भिलाई निगम ने वर्ष 2014-15 से निजी शौचालय निर्माण का कार्य प्रारंभ किया था उस दौरान तकरीबन 17929 निजी शौचालय तैयार किए गए! वर्ष 2017 में पहली बार भिलाई निगम ओडीएफ घोषित हुआ, जुलाई 2018 में पुन: ओडीएफ का दर्जा प्राप्त हुआ , 26 दिसंबर 2018 में पहली बार ओडीएफ प्लस प्लस हासिल हुआ, दूसरी बार 25 नवंबर 2019 को ओडीएफ प्लस प्लस मिला और अब तीसरी बार भिलाई निगम ओडीएफ प्लस प्लस घोषित हुआ है!

6000 अंको की प्रतिस्पर्धा में 500 अंक हासिल स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए भारत सरकार ने देश के विभिन्न शहरों के निकायों में स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 6 हजार अंक का लक्ष्य दिया गया है जिसमें से ओडीएफ प्लस प्लस होने के बाद निगम भिलाई ने 500 अंक अभी से अर्जित कर लिए हैं। 6000 अंक में 1100 अंक स्टार रेटिंग के लिए है जिसमें नाली में जाली , सफाई कार्य, सिटीजन फीडबैक, बल्क वेज जनरेटर, पार्क कंपोस्टिंग, वॉल पेंटिंग, जीवीपी पॉइंट एवं शहर सौंदर्यीकरण सम्मिलित है!

जनसम्पर्क अधिकारी